







# खाद की कालाबाजारी का खामियाजा भुगत रहा किसान

## जिला कलेक्टर से हस्तक्षेप करने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 12 जून, जिले में खरीफ सीजन के दौरान खाद की बढ़ती मांग के बीच किसान गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। किसानों के द्वारा बताया जा रहा है कि खाद वितरण व्यवस्था की खामियों, टोकन प्रणाली की जटिलताओं और कथित कालाबाजारी के कारण किसान आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान हैं।**

शासन के निर्धारित मूल्य के अनुसार एक बोरी यूरिया लगभग रुपए 266.50 में उपलब्ध होनी चाहिए, जबकि किसानों से रुपए 285 या उससे अधिक वसूले जाने की शिकायतें मिल रही हैं। इसी तरह रुपए 1300 मूल्य की डीएपी खाद रुपए 1800 से 2000 तक बिक्री की जा रही है। कई किसानों का आरोप है कि बिना टोकन के खुले बाजार में खाद और भी अधिक कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वास्तविक जरूरतमंद किसान शोषण का शिकार हो रहे हैं।



शासन के मानकों के अनुसार एक हेक्टेयर भूमि के लिए लगभग 7 बोरी यूरिया और 5 बोरी डीएपी की आवश्यकता होती है।

ऐसे में यदि किसान को निर्धारित मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होती या उसे अधिक कीमत चुकानी पड़ती है, तो उसकी खेती की लागत सीधे बढ़ जाती है। टोकन प्रणाली भी किसानों के लिए बड़ी बाधा बन गई है। जिन किसानों की फॉर्मर आईडी नहीं बनी है, पटवारी सत्यापन लंबित है, मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है अथवा तकनीकी त्रुटियां हैं, वे टोकन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। परिणामस्वरूप हजारों किसान खाद वितरण व्यवस्था से बाहर हो रहे हैं।

### मूल्य से अधिक वसूली करने पर कारईवाई की मांग

बताया जा रहा है कि निजी विक्रेताओं के लिए टोकन बुकिंग का समय सुबह 5 बजे से 7 बजे तथा शासकीय समितियों के लिए 7 बजे से 8 बजे तक निर्धारित है। निजी केंद्रों पर अधिकतम 100 टोकनतथा शासकीय केंद्रों पर 300 टोकन ही जारी किए जाते हैं। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले किसानों के लिए इतनी सीमित समयावधि और टोकन संख्या में खाद प्राप्त करना अत्यंत कठिन हो जाता है। कई किसानों को उनके निकटतम केंद्र के बजाय 40 से 50 किलोमीटर दूर स्थित केंद्रों का स्लॉट आवंटित किया जा रहा है। प्रश्न यह है कि यदि किसी किसान को मात्र 5 से 10 बोरी खाद लेनी है, तो वह अतिरिक्त परिवहन खर्च और पूरा दिन बर्बाद कर इतनी दूर कैसे जाएगा? वर्तमान स्थिति में सबसे अधिक नुकसान छोटे और सीमांत किसानों को हो रहा है। खेती का यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है और खाद की अनुपलब्धता सीधे उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। किसानों ने जिला कलेक्टर से मांग करती है कि खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, टोकन व्यवस्था को सरल एवं निरंतर संचालित किया जाए, फॉर्मर आईडी एवं तकनीकी समस्याओं का विशेष शिविर लगाकर समाधान किया जाए तथा खाद की कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# सतना - सेमरिया रोड का काम छोड़ कर लापता हो गया ठेकेदार

- वाहन चालक हो रहे परेशान, बरसात में बढ़ेगी मुसीबत

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 12 जून, सतना-सेमरिया रोड की स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

बरसात का मौसम नजदीक होने से लोगों की चिंता और बढ़ गई है, क्योंकि बारिश के दौरान सड़क की हालत और भी खराब होने की आशंका है।जानकारी के अनुसार, इस मार्ग के मेंटिनेंस एवं सुधार कार्य के लिए लगभग 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। करीब 25 किलोमीटर सड़क का मेंटिनेंस किया जाना है, लेकिन ठेकेदार द्वारा अब तक केवल लगभग 5 किलोमीटर सड़क पर कार्य किया गया है। यह कार्य भी करीब एक माह पहले किया गया था, जिसके बाद



निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की जर्जर हालत को लेकर उन्होंने पहले कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी थी कि यदि सड़क का निर्माण एवं मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू नहीं कराया गया तो वे जल सत्याग्रह करने को मजबूर होंगे।

ज्ञापन के बाद ठेकेदार ने कुछ दूरी तक कार्य कराया, लेकिन उसके बाद निर्माण कार्य बंद कर दिया गया। यह सड़क सतना से बिरसिंहपुर और सेमरिया को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। सड़क पर गड्ढों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तत्काल शेष कार्य पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बरसात शुरू होने से पहले सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो क्षेत्र की समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

# पॉलीथीन उपयोग ना करने के प्रति जागरूकता अभियान




**नवभारत न्यूज**

**कोटर 12 जून, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बस स्टेंड कोटर में नायब तहसीलदार मणिराज सिंह बागरी नगर निरीक्षक दिलीप मिश्रा थाना कोटर एवं डॉ सर्वेश सिंह सीईओ राहुल पाण्डेय मझगवां के नेतृत्व में पालीथीन का उपयोग ना करने की सलाह दी गई।**

थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा ने दुकानदारों को समझाइश दी कि पालीथीन के उपयोग से कई प्रकार की बीमारी फैलती है ग्राहकों को थैला लाने को कहे तभी सामान दें। जागरूकता अभियान में दुकानों में जाकर समझाइश दी गई । ग्राहकों को भी थैला लाने को श्री मिश्रा ने कहा लायंस क्लब के अध्यक्ष सव्यसाची मिश्रा , कौशलेंद्र पाण्डेय सेवा निवृत्त शिक्षक पत्रकार , नरेन्द्र पाण्डेय पत्रकार , विनोद तिवारी , सुनील त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी ,विपिन शर्मा ,योगेंद्र केवट ,सुनील त्रिपाठी जेंटर , हीरामणि प्यासी कृष्णपाल सिंह एवं कार्यक्रम संचालन लायन डॉ रमेश मिश्रा ने किया दुकानदार एवं ग्राहकों ने भविष्य में पालीथीन उपयोग ना करने की शपथ ली।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रेक्षक ने दिए निर्देश

**मैहर 12 जून,** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया को लेकर मैहर जिले में बैठक आयोजित की गई। इस संबंध में निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ प्रेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री ए .के . सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में जिले के तीनों जनपद पंचायतों एवं तीनों नगरीय निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मैहर संजना जैन सहित रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगर पालिका अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# प्रभारी लेखापाल सत्यनारायण त्रिपाठी को दी भावभीनी विदाई

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 12 जून, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी, जिला सतना में आज प्रभारी लेखापाल सत्यनारायण त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें उपहार एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सम्मानित किया।**

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री त्रिपाठी के कार्यों, अनुशासन, समर्पण और प्रशासनिक दक्षता



की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया। सभी ने उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी की वरिष्ठ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलका महोले ने कहा कि श्री त्रिपाठी का कार्यकाल अत्यंत उत्कृष्ट रहा है।

उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ किया और विभाग को उनकी सेवाओं का हमेशा लाभ मिला।

उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग को ऐसे कर्मठ और समर्पित अधिकारियों की आवश्यकता है। अपने संबोधन के दौरान उनकी आंखें भी नम हो गईं।

### डॉ .द्विवेदी ने की त्रिपाठी के कार्यों की प्रशंसा

वहीं मेडिकल ऑफिसर डॉ . अशोक कुमार द्विवेदी ने भी श्री त्रिपाठी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में सदैव सहयोगात्मक एवं जिम्मेदार भूमिका निभाई, जिससे विभागीय कार्यों के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान मिला। समारोह का समापन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्री त्रिपाठी के उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# लापरवाही : बारिश में भीगा किसानों का गेहूं

**नवभारत न्यूज**

**रामपुर बाघेलान 12 जून, रामपुर बघेलान के चोराहटा अंतर्गत खेरिया मोड़ पर किसानों का गेहूं वर्षा के चलते भींग गया। बारिश से बचाव के लिए किसी प्रकार की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों की मेहनत पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है।**

स्थानीय लोगों और किसानों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि आखिर इतनी बड़ी लापरवाही किसकी है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या गरीबों को



यही भीगा और खराब गेहूं वितरण के लिए दिया जाएगा?

बारिश से बचाव के लिए तिरपाल, गोदाम या अन्य कोई व्यवस्था न होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते उचित प्रबंधन किया जाता तो इस नुकसान से बचा जा सकता था।

अब बड़ा सवाल यह है कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होगी या फिर मामला यूं ही दबा दिया जाएगा। साथ ही यह भी देखने वाली बात होगी कि सरकार को इस नुकसान का कितना आंकलन दिखाया जाएगा।

जिलेवासियों की नजर अब सतना कलेक्टर पर टिकी है कि क्या इस गंभीर मामले में बड़ी कार्रवाई होगी या नहीं।

## राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें

**सतना 12 जून,** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# मैहर जपं के जनकल्याण शिविर में मिले 892 आवेदन

- 746 आवेदनों का मौके पर हुआ निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 12 जून, जनपद पंचायत मैहर के प्रांगण में शुक्रवार को आयोजित जनकल्याण शिविर में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रम के हितलाभ तथा समस्याओं से संबंधित 892 कुल आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 746 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।**

शेष 146 आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित किया जायेगा। कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की उपस्थिति आयोजित




जनकल्याण शिविर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती आकाश विनोद लोधी, उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, जनपद दीपक सिंह, कामता प्रसाद शुक्ला, सुदामा साकेत, एसडीएम दिव्या पटेल, सीईओ अशोक तिवारी सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं सरपंच गण उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने इस अवसर पर कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों में पात्र हितग्राहियों के चिन्हांकन और लाभ स्वीकृत करने का कार्य इन शिविरों में किया जा रहा है। सभी संबंधित पंचायत प्रतिनिधि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं और कार्यक्रमों के लाभ से लाभांवित करने के कार्य में जागरूक रहकर सहयोग करें।

# लालमणि सिंह राजपूत का निधन

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 12 जून, लालमणि सिंह राजपूत बिहरा क्रमांक एक ( 1 ) लइचिया टोला दिनांक 12.06.2026 को 63 वर्ष की आयु में लम्बी बीमारी के कारण मृत्यु हो गई है उनके पीछे उनकी पत्नी, दो बच्चे , एक बहू सहित, नाती नातिन और उनका परिवार है ।**

उनके निधन पर प्रधानाचार्य इंद्रभान सिंह राजपूत, सरपंच रवि प्रताप सिंह, नरेंद्र पांडेय,रोहणी प्रसाद द्विवेदी,रामकृष्ण तिवारी, अरविंद तिवारी, महेश प्रसाद गुप्ता, अर्जुन सिंह, पप्पू



उरमलिया,समरजीत सिंह, रामभान सतनामी,सनत कुमार त्रिपाठी, जग्गू सिंह बकिया, अरुण सिंह डीलौरा, रामकिशोर सिंह लैचिया टोला, सत्यम सिंह , रणजीत सिंह आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# रामघाट व झारखण्डी देवी मन्दिर के विकास के लिए बजट अवमुक्त

## विकास होने से तीर्थ स्थलों में बढेंगी सुविधाए

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 12 जून, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में वंदन योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी में अवस्थित चित्रकूट तीर्थ स्थल के सन्निकट रामघाट व झारखण्डी देवी मन्दिर में अवस्थापना सुविधाओं के कार्य कराये जाने के लिए षासन द्वारा धनराषि आवंटित की गई है।**

डीएम ने बताया कि प्रथम किश्त से चालू कार्यों को पूर्ण कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 वित्तीय प्रशासकीय स्वीकृत 200 लाख रू0 (कुल स्वीकृत धनराशि निविदा की धनराशि 198.17 लाख रुपये के सापेक्ष अवशेष द्वितीय किश्त की धनराशि 148.17 लाख रू0 (एक करोड अडतालीस लाख सत्तरह हजार



रूपये नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के लिये शासन द्वारा अवमुक्त की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी जनपद चित्रकूट को निर्देश दिये गये है कि वित्तीय वर्ष 2026-2027 में वंदन योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी में अवस्थित चित्रकूट तीर्थ स्थल के सन्निकट रामघाट व झारखण्डी देवी मन्दिर में अवस्थापना सुविधाओं के कार्य नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के वंदन योजना के कार्य को शासन से स्वीकृत अवशेष द्वितीय किश्त की धनराशि 148.17 लाख रू0 (एक करोड अडतालीस लाख सत्तरह हजार रुपये) से स्वीकृत उक्त चालू विकास कार्य अविलम्ब पूर्ण कराये जाये, जिससे आम जनमानस को योजना का लाभ मिल सके।

# सतना -सेमरिया सड़क निर्माण कार्य को ठेकेदार ने अधूरा छोड़ा : रामशंकर

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 12 जून, सतना -सेमरिया सड़क निर्माण परियोजना एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का आरोप है कि ठेकेदार सड़क निर्माण कार्य को अधूरा छोड़कर चला गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी ने आरोप लगाया है कि संतोषी माता मंदिर से अबेर तक सड़क निर्माण कार्य किया जाना था लेकिन ठेकेदार द्वारा केवल पवैया तक ही काम किया गया। इसके आगे की सड़क अभ भी



खराब और उबड खाबड़ रास्तों से भरी हुई है अधूरी सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके ।

# औषधीय पौधों की उन्नत खेती पर प्रशिक्षण आयोजित

- प्रशिक्षण के दौरान किसानों को विभिन्न औषधीय पौधे एवं रोपण सामग्री का किया गया वितरण

**नवभारत न्यूज**

**मझगवां 12 जून, दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां द्वारा क्षेत्रीय सह सुविधा केंद्र-मध्य क्षेत्र, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड ( NMPB ), आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के सहयोग से ग्राम पंचायत नकैला में फ्औषधीय पौधों की उन्नत खेती, प्रसंस्करण एवं उपयोगफ्र विषय पर शुक्रवार को एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को औषधीय पौधों की वैज्ञानिक खेती, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन तथा विपणन संबंधी जानकारी प्रदान कर उनकी आय में वृद्धि के नए अवसर उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता,




पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं किसानों ने ग्रामीण स्वावलंबन, आत्मनिर्भर कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य विशेषज्ञ के रूप में डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी (प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर कम प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, भारत सरकार, क्षेत्रीय सह सुविधा केंद्र-मध्य क्षेत्र [मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़], जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर) उपस्थित हुए। उन्होंने किसानों को औषधीय पौधों की बढ़ती राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मांग, उनकी व्यावसायिक संभावनाओं तथा वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अश्वगंधा, कालमेघ, तुलसी, शतावरी, सर्पगंधा, ब्राह्मी, गिलोय एवं सफेद मूसली जैसी औषधीय फसलें किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने औषधीय पौधों के प्रसंस्करण, गुणवत्ता प्रबंधन, भंडारण तथा विपणन संबंधी महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। डॉ. तिवारी के सहयोगी डॉ. सचिन नागरे ने औषधीय फसलों के उन्नत उत्पादन, रोग एवं कीट प्रबंधन तथा बाजार संभावनाओं के विषय में किसानों को जानकारी प्रदान की।

# आरोग्यधाम में योगा प्रशिक्षकों को किया जा रहा प्रशिक्षित

## 14 से 20 जून तक चित्रकूट में 100 से अधिक स्थानों पर होगा योगाभ्यास, 21 को ग्रामोदय में समापन

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 12 जून, दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अन्तर्गत चित्रकूट की सभी प्रमुख संस्थाओं, संत महात्माओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से नगर के साथ-साथ ग्रामीण स्वावलम्बन केन्द्रों पर भी योग की बात पहुंच सके इसके लिये लगभग दो सैकड़ा लोगों को 11 से 13 जून तक योग प्रशिक्षक डॉ तुषार कांत शास्त्री द्वारा आरोग्यधाम में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**

चित्रकूट क्षेत्र में योग की जो संरचना बनी है, उसमें 100 से अधिक स्थानों पर योगाभ्यास किया जाना है। योगाभ्यास के लिए जो स्थान चिन्हित किए गए उसमें चित्रकूट क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिर,





आश्रम एवं सामाजिक संस्थाओं सहित विभिन्न विभाग शामिल हैं, उपरोक्त स्थानों पर जिन प्रशिक्षकों ने आरोग्यधाम में प्रशिक्षण लिया हैं, उनके द्वारा इन स्थानों पर योग शिविर लगाए जाएंगे। सभी चिन्हित स्थानों पर दि. 14 जून से 20 जून तक सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्राणायाम, मुद्राभ्यास, सन्धियोग, योगासन और सूर्य नमस्कार की सभी क्रियायें एवं आसन कराये जायेंगे।

इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सामूहिक वृहद कार्यक्रम महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। चित्रकूट का यह प्रयोग अपने आप में एक अनूठा प्रयोग है कि अलग-अलग स्थान पर एक सप्ताह योग क्रियाएं सीखने के बाद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का बड़ा कार्यक्रम एक स्थान पर सुनिश्चित होता है जिसमें नगर एवं आसपास के सभी केन्द्रों के लोग उसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। चित्रकूट का संत समाज भी बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर योग अभ्यास में शामिल होता है, यह आयोजन अपने आप में बहुत बड़ी मिसाल साबित हुआ है। गौरतलब है कि इसके पूर्व 4 बार 21 जून का सामूहिक बृहद कार्यक्रम ग्रामोदय विश्वविद्यालय में तथा 3 बार डीआरआई के सुरेंद्रपॉल विद्यालय खेल प्रांगण में तथा 2 बार सदगुरु सेवा संघ के खेल प्रांगण में किया जा चुका है। इस बार 21 जून अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का सामूहिक वृहद कार्यक्रम महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगा।